कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर

रेलवे अस्पताल के सामने, रातानाडा, जोधपुर–342001

email- jdajodhpur/yahoo.com वेब–साईट jodhpurjda.org Phone No. 0291-2612086/2656357 Fax 0291-2612086

क्रमांकः F37.(3)/नि.आ./जो.स्त.स./का.वि./2023/ 743. दिनांकः– 28/07/2023

–: कार्यवाही विवरण :–

नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग के अधिसूचना क्रमांक प.17(1) नविवि/अभियान/2021 दिनांक 25.11.2021 के द्वारा गठित जोन स्तरीय समिति की बैठक दिनांक 23.06.2023 को उपायुक्त (जोन–3) की अध्यक्षता में उनके कक्ष में सपन्न हुई, बैठक में प्रस्तुत एजेण्डा पर लिये गये निर्णय निम्नानुसार हैः–

एजेण्डा संख्या 01. (जोन स्तरीय समिति बैठक दिनांक 23.06.2023)

विषय :– जोन स्तरीय समिति की बैठक दिनांक 22.03.2023 जोन 03 के कार्यवाही विवरण की पुष्टि।

निर्णय :– समिति द्वारा बाद विचार–विमर्श उपरान्त गत बैठक के कार्यवाही विवरण की सर्वसम्मति से पुष्टि की गयी।

एजेण्डा संख्या 02. (जोन स्तरीय समिति बैठक दिनांक 23.06.2023)

विषय :– राजस्व ग्राम सांगरिया के खसरा संख्या 77 रकबा 29056.42 वर्गगज भूमि पर आवासीय योजना प्रयोजनार्थ ले–आउट प्लान अनुमोदन के संबंध में।

निर्णय :– समिति द्वारा एजेण्डा पर विचार विमर्श एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया। समिति द्वारा बाद विचार–विमर्श प्रकरण में आवेदित भूमि के समीप स्थित राजस्व ग्राम सांगरिया के खसरा संख्या 76 में अनुमोदित योजना के भूखण्ड संख्या 468 के प्राधिकरण के पक्ष में समर्पण पश्चात् उक्त योजना राजस्व ग्राम सांगरिया के खसरा संख्या 76 के भूखण्ड संख्या 468 को सड़क दर्ज कर संशोधित ले–आउट अनुमोदन करते हुए प्रश्नगत योजना मानचित्र को सशर्त अनुमोदन किये जाने का निणर्य लिया गया।

एजेण्डा संख्या 03. (जोन स्तरीय समिति बैठक दिनांक 23.06.2023)

विषय :– राजस्व ग्राम बोरानाडा के खसरा संख्या 30 रकबा 38607 वर्गमीटर भूमि पर आवासीय योजना प्रयोजनार्थ ले–आउट प्लान अनुमोदन के संबंध में।

निर्णय :– समिति द्वारा एजेण्डा पर विचार विमर्श एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया। समिति द्वारा बाद विचार–विमर्श आवेदित योजना में पूर्व में जारी उपखण्ड अधिकारी के पट्टों की सूची एवं मूल रेकर्ड तथा मूल पत्रावली प्राप्त की जावें तथा पूर्व में जारी पट्टो एवं वर्तमान ले–आउट के परिप्रेक्ष्य में जोन स्तर पर भूखण्डों की साईज/माप इत्यादि की सुनिश्चितता की शर्त पर अनुमोदन किये जावें।

एजेण्डा संख्या 04. (जोन स्तरीय समिति बैठक दिनांक 23.06.2023)

विषय :– राजस्व ग्राम ~~बोरानाडा~~ सांगरिया के खसरा संख्या 177 रकबा 33103.28 वर्गमीटर भूमि पर आवासीय योजना प्रयोजनार्थ ले–आउट प्लान अनुमोदन के संबंध में।

निर्णय :– समिति द्वारा एजेण्डा पर विचार विमर्श एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया। समिति द्वारा बाद विचार–विमर्श पत्रावली में सलंग्न ले–आउट प्लान में अंकित खसरा संख्या 176 के संबंध में स्थिति स्पष्ट करने व तहसीलदार रिपोर्ट में वर्णित खसरा संख्या 177 व बट्टा नम्बर के संबंध में आवश्यक विधि इत्यादि रिपोर्ट उपरान्त प्रकरण को आगामी बैठक में रखे जाने का निर्णय लिया गया।

एजेण्डा संख्या 05. (जोन स्तरीय समिति बैठक दिनांक 23.06.2023)

विषय :–राजस्व ग्राम सांगरिया के खसरा संख्या 213, 214 रकबा 55266.19 वर्गगज भूमि पर आवासीय योजना प्रयोजनार्थ ले–आउट प्लान अनुमोदन के संबंध में।

निर्णय :– समिति द्वारा पूर्व में अनुमोदित ले–आउट प्लान के भूखण्ड सं. 177, 178 व 179 के स्थान पर पैरा एन/37 पर अंकित मौका रिपोर्ट अनुसार भूखण्ड सं. 177, 178 व 179 (1) से 177, 178 व 179 (8) एवं 25 फीट सड़क को सड़क मध्य से 30 फीट करते हुए संशोधित ले–आउट प्लान अनुमोदन किये जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही पूर्व में अनुमोदित ले–आउट प्लान में अंकित एच.टी. लाईन व सेफ्टी कॉरीडोर के सहारे सड़क छोड़ने के संबंध में बीपीसी (एल.पी.) के समक्ष प्रकरण प्रस्तुत किये जाने का निर्णय लिया गया।

तहसीलदार जोधपुर विकास प्राधिकरण	सहायक/अधिशाषी अभियन्ता जोधपुर विकास प्राधिकरण	सहायक नगर नियोजक जोधपुर विकास प्राधिकरण	उपायुक्त (जोन–3) जोधपुर विकास प्राधिकरण

क्रमांकः F37.(3)/नि.आ./जो.स्त.स./का.वि./2023/744-749 दिनांकः– 28/07/2023

प्रतिलिपी :– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, आयुक्त महोदय, जो.वि.प्रा., जोधपुर
2. निजी सचिव, सचिव महोदय, जो.वि.प्रा., जोधपुर
3. निदेशक (आयोजना) महोदय, जो.वि.प्रा., जोधपुर
4. उपायुक्त जोन–3, जो.वि.प्रा., जोधपुर को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. सहायक/अधिशाषी अभियन्ता, जो.वि.प्रा., जोधपुर
6. तहसीलदार जोन–3, जो.वि.प्रा., जोधपुर

सहायक नगर नियोजक
एवं सदस्य सचिव,जोन स्तरीय समिति
जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर